भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

पत्रांक : 733 दिनांक : 26/11/2021

प्रेषक,

विनोद शर्मा,
विमानपत्तन निदेशक,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
बिरसा मुण्डा विमानपत्तन, राँची।

15/12/21

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
जमशेदपुर वन प्रमण्डल,
जमशेदपुर।

विषय– धालभूमगढ़ हवाई अड्डा के विकास हेतु 99.256 हे० वनभूमि अपयोजन का पुनरीक्षित प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग– आपका त्रांक 1634/जमशेदपुर, दिनांक 24.06.2020 (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर)

महाशया,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में कहना है कि धालभूमगढ़ हवाई अडडा के विकास हेतु समर्पित वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबध में आपके कार्यालय द्वारा निर्देशित की गयी त्रुटियों/पृच्छाओं का अनुपालन कर निम्नलिखित तालिकानुसार समर्पित की जा रही है:–

| क० | पृच्छा | अनुपालन |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव के संबंध में पर्यावरणीय स्वीकृति प्रमाण पत्र की प्रति समर्पित किया जाय। | पर्यावरणीय स्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रगति पर है। प्रमाण पत्र प्राप्त होते हीं समर्पित कर दी जाएगी। |
| 2 | प्रस्ताव से संबंधित वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत उपायुक्त का प्रमाण पत्र एवं ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति समर्पित किया जाय। | प्रमाण पत्र एवं ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति के संबंध में उपायुक्त जनषेदपुर से आग्रह की गयी है। प्रमाण पत्र तथा ग्राम सभा की प्रति प्राप्त होते हीं समर्पित कर दी जाएगी। |
| 3 | अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि में सम्मिलित मौजा का थाना एवं थाना संख्या अंकित कर विवरणी समर्पित किया जाय। | अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि मे सम्मिलित मौजा का थाना एवं थाना संख्या अंकित कर विवरणी 09 प्रतियों में समर्पित की जा रही है। |
| 4 | प्रस्ताव में समर्पित क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित अवकृष्ट वनभूमि चयनित कर डी0जी0पी0एस0 सर्वे कर प्रस्तावित अवकृष्ट वनभूमि का KML File एवं Polygon समर्पित किया जाय। | वन प्रमंडल जमषेदपुर, द्वारा चयनित प्रस्तावित अवकृष्ट वनभूमि का डी0जी0पी0एस0 सर्वे कर KML File, Polygon, कैडेस्ट्रल मैप तथा Topo Sheet मैप 09 प्रतियों में (Hard & soft copy) समर्पित की जा रही है। |

अनुरोध है कि अग्रेतर कार्यवाही करने की कृपा करें।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

विमानपत्तन निदेशक

निदेशक विमानपत्तन/AIRPORT DIRECTOR
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण/AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
बिरसा मुण्डा हवाईअड्डा, राँची/BIRSA MUNDA AIRPORT, RANCHI

विमानपत्तन निदेशक का कार्यालय, बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा, राँची–834002, दूरभाष : 0651–6450327, फैक्स : 0651–220500
Office of the Airport Director, Birsa Munda Airport, Ranchi-834002, Phone : 0651-6450327, Fax : 0651-2250500